This Question Paper consists of 50 questions and 24 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न तथा 24 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक |   |   |   |   |   |   |   |   |   |   |   |   |

**Code No.** / **कोड नं०** **67/TUS/2**

**Set / सेट** **A**

# ECONOMICS
# ( अर्थशास्त्र )
# (318)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ..........................................................................

2. ..........................................................................

---

***General Instructions* :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 67/TUS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

    English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

    You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## ECONOMICS

## अर्थशास्त्र

## (318)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This question paper consists of 50 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) *Section—A consists of*

(a) Question Nos. **1** to **20**—Multiple Choice-type Questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

(b) Question Nos. **21** to **35**—Objective-type Questions carrying *2* marks each (with 2 sub-parts of *1* mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(v) *Section—B consists of*

(a) Question Nos. **36** to **42**—Very Short Answer-type Questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words.

(b) Question Nos. **43** to **48**—Short Answer-type Questions carrying *4* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.

(c) Question Nos. **49** and **50**—Long Answer-type Questions carrying *6* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक हैं।

(iv) **खण्ड—क में शामिल है**

(क) प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का *1* अंक है। दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखें। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है; आपको ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक हल करना है।

(ख) प्रश्न संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के *2* अंक हैं (*1* अंक वाले 2 उप-भागों सहित)। निर्देश अनुसार प्रश्न हल करें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(v) **खण्ड—ख में शामिल है**

(क) प्रश्न संख्या **36** से **42** तक अति लघू-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के *2* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *30* से *50* शब्दों में दें।

(ख) प्रश्न संख्या **43** से **48** तक लघू-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के *4* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *50* से *80* शब्दों में दें।

(ग) प्रश्न संख्या **49** एवं **50** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के *6* अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर *80* से *120* शब्दों में दें।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A

## खण्ड—क

**1.** Which of the following is ***not*** a characteristic of arithmetic mean? 1

(A) It is easy to calculate

(B) It is not affected by extreme items

(C) It cannot be calculated in the open-ended frequency distribution

(D) All values in the series are used in its calculation

निम्नलिखित में से कौन-सी अंकगणितीय माध्य की विशेषता **नहीं** है?

(A) इसकी गणना करना सरल है

(B) यह सीमान्त मूल्यों से प्रभावित नहीं होती

(C) आवृत्तियों के खुले सिरे वाले वितरण में इसकी गणना नहीं की जा सकती

(D) इसका आकलन सिरीज़ के सभी मूल्यों पर आधारित होता है

**2.** The value that is repeated the highest number of times in a series is called

(A) median (B) mode

(C) mean (D) None of the above 1

वह मूल्य, जिसकी शृंखला में सबसे अधिक आवृत्ति होती है, उसे क्या कहते हैं?

(A) माध्यिका (B) बहुलक

(C) अंकगणितीय माध्य (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. Upward shift of production possibility curve shows

(A) better utilisation of resources (B) growth of resources

(C) fuller utilisation of resources (D) None of the above 1

उत्पादन संभावना वक्र का ऊपर की ओर खिसकना दर्शाता है

(A) संसाधनों का बेहतर उपयोग (B) संसाधनों में संवृद्धि

(C) संसाधनों का पूर्ण उपयोग (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*Or / अथवा*

As we move to the right on a production possibility curve, the marginal rate of transformation

(A) increases (B) decreases

(C) remains constant (D) first increases then decreases

जैसे-जैसे हम उत्पादन संभावना वक्र पर दाईं ओर जाते हैं, रूपांतरण की सीमान्त दर

(A) बढ़ती है (B) घटती है

(C) स्थिर रहती है (D) पहले बढ़ती है फिर घटती है

4. Economic problems are faced by

(A) only poor economies (B) developing economies

(C) all economies (D) small economies 1

आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है

(A) केवल गरीब अर्थव्यवस्थाओं को (B) विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को

(C) सभी अर्थव्यवस्थाओं को (D) छोटी अर्थव्यवस्थाओं को

5. Which of the following statements about demand is correct? 1

(A) Ram wants 1 kg of apples.

(B) Ram purchased 2 kg of apples last week.

(C) Ram purchased 2 kg of apples at a price of ₹ 10 per kg.

(D) Last week Ram purchased 2 kg of apples at a price of ₹ 10 per kg.

निम्नलिखित में से माँग के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(A) राम को 1 कि० ग्रा० सेब चाहिए।

(B) राम ने पिछले सप्ताह 2 कि० ग्रा० सेब खरीदे।

(C) राम ने ₹ 10 प्रति कि० ग्रा० कीमत पर 2 कि० ग्रा० सेब खरीदे।

(D) पिछले सप्ताह राम ने ₹ 10 प्रति कि० ग्रा० कीमत पर 2 कि० ग्रा० सेब खरीदे।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**6.** Movement along a demand curve results due to

(A) change in income of its buyer

(B) change in price of the commodity

(C) change in price of substitute goods

(D) All of the above 1

माँग वक्र पर संचलन का कारण

(A) इसके क्रेता की आय में परिवर्तन है

(B) वस्तु की कीमत में परिवर्तन है

(C) प्रतिस्थापन वस्तुओं की कीमत में परिवर्तन है

(D) उपर्युक्त सभी

**7.** On a straight-line demand curve, elasticity of demand of its mid-point is

(A) zero (B) greater than 1

(C) less than 1 (D) equal to 1 1

एक सीधी रेखा वाले माँग वक्र के मध्य-बिन्दु पर माँग की लोच

(A) शून्य होती है (B) 1 से अधिक होती है

(C) 1 से कम होती है (D) 1 के बराबर होती है

**8.** Which of the following is a flow? 1

(A) National Income (B) Wealth

(C) Money supply (D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवाह है?

(A) राष्ट्रीय आय (B) सम्पत्ति

(C) मुद्रा आपूर्ति (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Which of the following is a factor income?

(A) Bonus (B) Wages

(C) Gifts (D) Both (A) and (B)

निम्नलिखित में से कौन-सी साधन आय है?

(A) बोनस (B) मजदूरी

(C) उपहार (D) (A) और (B) दोनों



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**9.** In an economy, which of the following is consuming sector? 1

(A) Household (B) Firm

(C) Rest of the world (D) All of the above

एक अर्थव्यवस्था में, निम्नलिखित में से कौन-सा उपभोग क्षेत्र है?

(A) परिवार (B) फर्म

(C) शेष विश्व (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Which of the following is called marginal propensity to consume?

(A) $\frac{C}{Y}$ (B) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(C) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$ (D) $\frac{\Delta C}{Y}$

निम्नलिखित में से किसे सीमान्त उपभोग-प्रवृत्ति कहते हैं?

(A) $\frac{C}{Y}$ (B) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(C) $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$ (D) $\frac{\Delta C}{Y}$

**10.** Which of the following affects propensity to consume? 1

(A) Rate of interest (B) Wealth

(C) Distribution of income (D) All of the above

निम्नलिखित में से उपभोग-प्रवृत्ति को क्या प्रभावित करता है?

(A) ब्याज की दर (B) सम्पत्ति

(C) आय का वितरण (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Which of the following is a correct measure of average propensity to save?

(A) $\frac{\Delta S}{\Delta Y}$ (B) $\frac{S}{Y}$

(C) $\frac{S}{\Delta Y}$ (D) None of the above



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित में से कौन-सा औसत बचत-प्रवृत्ति की सही माप है?

(A) $\frac{\Delta S}{\Delta Y}$ (B) $\frac{S}{Y}$

(C) $\frac{S}{\Delta Y}$ (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** A movement to the right on a production possibility curve shows

(A) better utilisation of resources

(B) underutilisation of resources

(C) fall in marginal rate of transformation

(D) arise in marginal rate of transformation 1

एक उत्पादन संभावना वक्र पर दाईं ओर जाना दर्शाता है

(A) संसाधनों का बेहतर उपयोग

(B) संसाधनों का अल्प-उपयोग

(C) रूपांतरण की सीमान्त दर का घटना

(D) रूपांतरण की सीमान्त दर का बढ़ना

**12.** Market demand of a commodity is affected by

(A) price of good (B) number of its buyers

(C) distribution of income and wealth (D) All of the above 1

एक वस्तु की बाजार माँग प्रभावित होती है

(A) वस्तु की कीमत से (B) इसके क्रेताओं की संख्या से

(C) आय और सम्पत्ति के वितरण से (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Which of the following is an assumption of law of demand?

(A) Price of other goods change (B) Income of the buyers does not change

(C) Tastes of buyers change (D) Preferences of buyers change

निम्नलिखित में से कौन-सी माँग के नियम की मान्यता है?

(A) अन्य वस्तुओं की कीमत बदलती है (B) क्रेताओं की आय नहीं बदलती है

(C) क्रेताओं की रुचियाँ बदलती हैं (D) क्रेताओं की प्राथमिकताएँ बदलती हैं



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**13.** A movement along a demand curve takes place when

(A) income of its buyers change (B) price of the commodity changes

(C) number of its buyers change (D) tastes of its consumers change 1

एक माँग वक्र पर संचलन तब होता है, जब

(A) इसके क्रेताओं की आय बदलती है (B) वस्तु की कीमत बदलती है

(C) इसके क्रेताओं की संख्या बदलती है (D) इसके क्रेताओं की अभिरुचियाँ बदलती हैं

*Or / अथवा*

When price of a commodity and total expenditure on it are inversely related, then the demand for that commodity is

(A) inelastic (B) more than unit elastic

(C) less than unit elastic (D) having to infinity

जब एक वस्तु की कीमत और उस पर किए जाने वाले कुल व्यय में विपरीत सम्बन्ध हो, तो उस वस्तु की माँग

(A) बेलोचदार होगी (B) इकाई से अधिक लोचदार होगी

(C) इकाई से कम लोचदार होगी (D) अनन्त लोच वाली होगी

**14.** Which of the following is an exception of law of demand? 1

(A) Giffen goods (B) Status symbol goods

(C) Necessities (D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन-सा माँग के नियम का अपवाद है?

(A) गिफिन वस्तु (B) प्रतिष्ठासूचक वस्तु

(C) अनिवार्यता (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Which of the following will cause a rightward shift of demand curve?

(A) Rise in income of its buyer (B) Fall in price of the good

(C) Fall in price of substitute good (D) None of the above

निम्नलिखित में से किसके कारण माँग वक्र बाईं ओर खिसकता है?

(A) इसके क्रेता की आय में वृद्धि (B) वस्तु की कीमत में कमी

(C) प्रतिस्थापन वस्तु की कीमत में कमी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**15.** Which of the following is ***not*** a fixed cost? 1

(A) Purchase of raw meterial (B) Excise duty

(C) Transport charges (D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिर लागत **नहीं** है?

(A) कच्चे माल का क्रय (B) उत्पादन शुल्क

(C) परिवहन व्यय (D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

Average variable cost curve is

(A) parallel to *OX*-axis (B) parallel to *OY*-axis

(C) negatively sloped (D) U-shaped

औसत परिवर्ती लागत वक्र

(A) *OX*-अक्ष के समानान्तर होता है (B) *OY*-अक्ष के समानान्तर होता है

(C) ऋणात्मक ढलान वाला होता है (D) U-आकार का होता है

**16.** Average cost rises when

(A) marginal cost rises

(B) variable cost rises

(C) marginal cost is greater than average cost

(D) average fixed cost rises 1

औसत लागत तब बढ़ती है, जब

(A) सीमान्त लागत बढ़ती है

(B) परिवर्ती लागत बढ़ती है

(C) सीमान्त लागत, औसत लागत से अधिक होती है

(D) औसत स्थिर लागत बढ़ती है



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

Which of the following is the definition of supply of a commodity?

(A) Quantity of a commodity that a firm wants to sell

(B) Quantity of a commodity that a firm wants to sell at a given price

(C) Quantity of a commodity that a firm wants to sell during a given period

(D) Quantity of a commodity that a seller is willing to sell at a given price during a given period

वस्तु की आपूर्ति की परिभाषा निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(A) वस्तु की वह मात्रा, जो एक फर्म बेचना चाहती है

(B) वस्तु की वह मात्रा, जो एक फर्म दी हुई कीमत पर बेचना चाहती है

(C) वस्तु की वह मात्रा, जो एक फर्म एक समयावधि में बेचना चाहती है

(D) वस्तु की वह मात्रा, जो एक फर्म दी हुई कीमत पर और दी हुई समयावधि में बेचना चाहती है

**17.** Which of the following is ***not*** a cause of shift in supply curve to the right? 1

(A) Increase in excise duty

(B) Fall in prices of inputs

(C) Use of better technology in production

(D) Fall in the price of other related goods

आपूर्ति वक्र को दाईं ओर खिसकाने वाला कारक निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?

(A) उत्पादन शुल्क का बढ़ना

(B) आगतों की कीमत कम होना

(C) उत्पादन में बेहतर तकनीक का प्रयोग

(D) अन्य सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत में गिरावट

**18.** Which of the following factors affects the elasticity of supply of a commodity? 1

(A) Nature of the good

(B) Cost of production of additional unit of a good

(C) Time period

(D) All of the above



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक वस्तु की पूर्ति की लोच को प्रभावित करता है?

(A) वस्तु की प्रकृति

(B) वस्तु की अतिरिक्त इकाई की उत्पादन लागत

(C) समय अवधि

(D) उपर्युक्त सभी

**19.** A supply curve is parallel to *OX*-axis. The elasticity of supply on a point on it is

(A) infinity (B) less than 1

(C) zero (D) more than 1 1

*OX*-अक्ष के समानान्तर एक पूर्ति वक्र है। इसके किसी बिन्दु पर पूर्ति की लोच

(A) अनन्त होगी (B) 1 से कम होगी

(C) शून्य होगी (D) 1 से अधिक होगी

**20.** Equilibrium price is the price at which

(A) firms get maximum profit

(B) buyers buy maximum quantity

(C) demand and supply of the good are equal

(D) maximum number of firms exists in the market 1

संतुलन कीमत वह कीमत होती है जिस पर

(A) फर्म को अधिकतम लाभ प्राप्त होता है

(B) क्रेता अधिकतम मात्रा में क्रय करते हैं

(C) वस्तु की माँग और पूर्ति बराबर होती हैं

(D) बाजार में फर्मों की संख्या अधिकतम होती है

**21.** Fill in the blanks with appropriate word : 2

*(a)* Index number measures _____ changes.

( relative, absolute )

*(b)* In a weighted index number, weights are assigned to _____ items in the series.

( all, selected )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

(क) सूचकांक _____ परिवर्तन मापता है।

( सापेक्ष, निरपेक्ष )

(ख) भारित सूचकांक में शृंखला में _____ मदों को भार दिया जाता है।

( सभी, चुनी )

**22.** Fill in the blanks with appropriate word(s) : 2

*(a)* The measure of dispersion that is most influenced by _____ is called the range.

( extreme values, low values )

*(b)* Median is _____ on all the values of a distribution.

( based, not based )

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) अपकिरण (विचलन) की माप, जो _____ से अति प्रभावित होती है उसे विस्तार कहते हैं।

( चरम मूल्यों से, कम मूल्यों से )

(ख) माध्यिका वितरण के सभी मूल्यों पर _____ होती है।

( आधारित, आधारित नहीं )

**23.** Fill in the blanks with appropriate word(s) : 2

*(a)* When the demand of a commodity is _____, then its demand curve is rectangular hyperbola.

( inelastic, unit elastic )

*(b)* A fall in the price of good $X$ results in a fall in demand of good $Y$. $X$ and $Y$ are _____.

( substitute goods, complementary goods )

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) जब एक वस्तु की माँग _____ हो, तो उसका माँग वक्र आयताकार अतिपरवलय होता है।

( बेलोचदार, इकाई के बराबर लोच वाली )

(ख) $X$ वस्तु की कीमत कम होने पर, $Y$ वस्तु की माँग कम हो जाती है। $X$ और $Y$ _____ हैं।

( प्रतिस्थापन वस्तुएँ, पूरक वस्तुएँ )

Unnati Educations



9899436384, 9654279279

**24.** State whether the following statements are True or False : 2

*(a)* Demand curve of a good shifts to the right when the price of the good falls.

*(b)* When a fall in the price of a goods results in fall in total expenditure on it, then its elasticity of demand is less than one.

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :

(क) एक वस्तु का माँग वक्र दाईं ओर खिसकता है जब उसकी कीमत घटती है।

(ख) जब एक वस्तु की कीमत कम होने पर उस पर किया जाने वाला कुल व्यय कम हो जाता है, तो उस वस्तु की माँग की लोच एक से कम होती है।

**25.** State whether the following statements are True or False : 2

*(a)* TC curve and TFC curve start from the same point of $OY$-axis.

*(b)* When MC becomes equal to AC, then AC becomes constant and minimum.

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :

(क) कुल लागत वक्र और कुल स्थिर लागत वक्र $OY$–अक्ष पर एक ही बिन्दु से शुरू होते हैं।

(ख) जब सीमान्त लागत, औसत लागत के बराबर हो जाती है, तो औसत लागत स्थिर और न्यूनतम हो जाती है।

**26.** Fill in the blanks with appropriate word(s) : 2

*(a)* If two supply curves intersect each other, then the elasticity of supply at a _____ supply curve is more.

( steeper, flatter )

*(b)* When supply of the commodity rises without a change in its price, then it is called _____.

( expansion of supply, increase in supply )

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) यदि दो पूर्ति वक्र एक-दूसरे को काटते हैं, तो _____ पूर्ति वक्र पर पूर्ति की लोच अधिक होगी।

( अधिक ढलान वाले, कम ढलान वाले )

(ख) जब किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन हुए बिना उसकी पूर्ति बढ़ जाती है, तो उसे _____ कहते हैं।

( पूर्ति का विस्तार, पूर्ति की वृद्धि )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

Categorize the following statements into True and False :

*(a)* Supply curve of a commodity can never be negatively sloped.

*(b)* Expansion of supply means a rightward shift of supply curve.

निम्नलिखित कथनों को सही और गलत में वर्गीकृत कीजिए :

(क) एक वस्तु का पूर्ति वक्र कभी भी ऋणात्मक ढलान वाला नहीं हो सकता।

(ख) पूर्ति के विस्तार का अर्थ है पूर्ति वक्र का दाईं ओर खिसकना।

**27.** Fill in the blanks with appropriate word : 2

*(a)* Expenditure on defence is _____ expenditure.

( revenue, capital )

*(b)* Repayment of loans is _____ expenditure.

( revenue, capital )

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

(क) सुरक्षा पर व्यय _____ व्यय है।

( राजस्व, पूँजीगत )

(ख) ऋणों की अदायगी _____ व्यय है।

( राजस्व, पूँजीगत )

*Or / अथवा*

Fill in the blanks with appropriate word(s) :

*(a)* Bank rate is determined by _____.

( Central Bank, Commercial Bank )

*(b)* _____ in LRR reduces the credit creation capacity of banks.

( Increase, Decrease )

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) बैंक दर _____ द्वारा निर्धारित की जाती है।

( केन्द्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंक )

(ख) वैधानिक जमा अनुपात में _____ बैंकों की साख-निर्माण क्षमता को घटा देती है।

( वृद्धि, कमी )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**28.** State whether the following statements are True or False : 2

(a) Fiscal deficit equals total budgeted expenditure less total budgeted receipts.

(b) Primary deficit equals revenue deficit in interest payments.

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :

(क) कुल बजटीय व्यय और कुल बजटीय प्राप्तियों का अन्तर राजकोषीय घाटा होता है।

(ख) राजस्व घाटा और ब्याज भुगतान का अन्तर प्राथमिक घाटा कहलाता है।

*Or / अथवा*

Classify the following statements into True or False :

(a) Commercial banks are controlled by the government.

(b) An increase in bank rate reduces money supply.

निम्नलिखित कथनों को सही और गलत में वर्गीकृत कीजिए :

(क) वाणिज्यिक बैंक सरकार द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं।

(ख) बैंक दर बढ़ने से मुद्रा आपूर्ति घट जाती है।

**29.** State whether the following statements are True or False : 2

(a) Difference between National Income and Domestic Income is called factor income from abroad.

(b) National Income is the sum of factor incomes and non-factor incomes.

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :

(क) राष्ट्रीय आय और घरेलू आय का अन्तर विदेशों से साधन आय कहलाता है।

(ख) राष्ट्रीय आय साधन आय और गैर-साधन आय का योग होता है।

*Or / अथवा*

Fill in the blanks with appropriate word :

(a) Expenditure on purchase of furniture by household is _____ expenditure.

( consumption, investment )

(b) Taxes are _____ payments.

( factor, transfer )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

(क) एक परिवार द्वारा फर्नीचर पर किया गया व्यय _____ व्यय कहलाता है।

( उपभोग, निवेश )

(ख) कर _____ भुगतान हैं।

( साधन, हस्तांतरण )

**30.** Write for each of the following whether it is included or not included in the calculation of National Income : 2

*(a)* Purchase of sewing machine by a household

*(b)* Sale of old newspapers

निम्नलिखित में से प्रत्येक के बारे में यह लिखिए कि उसे राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाता है या नहीं शामिल किया जाता है :

(क) एक परिवार द्वारा सिलाई की मशीन खरीदना

(ख) पुराने अखबारों का विक्रय

*Or / अथवा*

State whether the following statements are True or False :

*(a)* Salary by a foreigner working in India is treated as factor income to abroad.

*(b)* Salary of an Indian working in a branch of Foreign Bank in India is a part of domestic income.

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत :

(क) भारत में कार्यरत एक विदेशी का वेतन विदेशों की साधन आय में शामिल किया जाता है।

(ख) भारत में एक विदेशी बैंक की शाखा में कार्यरत एक भारतीय के वेतन को भारत की घरेलू आय में शामिल किया जाएगा।

**31.** Fill in the blanks with appropriate word(s) : 2

*(a)* Whether a good is a final good or an intermediate good depends on its _____.

( quality, use )

*(b)* Value added = Value of output – _____ .

( Depreciation, Intermediate consumption expenditure )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) कोई वस्तु अन्तिम या मध्यवर्ती है यह उसकी/उसके _____ पर निर्भर करता है।

( गुणवत्ता, उपयोग )

(ख) मूल्य वृद्धि = उत्पादन का मूल्य – _____ ।

( मूल्यह्रास, मध्यवर्ती उपभोग व्यय )

*Or / अथवा*

State whether the following equations are correct or wrong :

*(a)* Net factor income from abroad = Foreign income – Domestic income

*(b)* Net value added at market tax = Gross value added at market price – Indirect taxes

बताइए कि निम्नलिखित समीकरण सही हैं या गलत :

(क) विदेशों से निवल साधन आय = विदेशी आय – घरेलू आय

(ख) बाजार मूल्य पर निवल मूल्य वृद्धि = बाजार मूल्य पर सकल मूल्य वृद्धि – अप्रत्यक्ष कर

**32.** Which of the following should be included in calculation of National Income? 2

*(a)* Commission paid to the broker for purchase and sale of second-hand goods

*(b)* Production for self-consumption

निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल किया जाना चाहिए?

(क) दलालों को पुरानी वस्तुओं के क्रय-विक्रय पर दिया गया कमीशन

(ख) स्व-उपभोग के लिए उत्पादन

*Or / अथवा*

Fill in the blanks with appropriate word(s) :

*(a)* Expenditure on intermediate goods _____ included in National Income.

( should be, should not be )

*(b)* Employing a domestic servant is a part of _____ sector.

( secondary, tertiary )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों) से भरिए :

(क) मध्यवर्ती वस्तुओं पर व्यय को राष्ट्रीय आय में _____ किया जाना चाहिए।

( शामिल, शामिल नहीं )

(ख) घरेलू नौकर रखना _____ क्षेत्रक का अंग है।

( द्वितीयक, तृतीयक )

**33.** Fill in the blanks with appropriate word : 2

*(a)* Under _____, demand curve of a firm is perfectly elastic.

*(b)* Under _____, sellers are interdependent.

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

(क) _____ के अन्तर्गत, फर्म का माँग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है।

(ख) _____ के अन्तर्गत, विक्रेताओं की एक-दूसरे पर निर्भरता होती है।

*Or / अथवा*

Classify the following statements into True and False :

*(a)* Product is homogenous under all types of markets.

*(b)* Demand curve of a firm is negatively sloped under all types of markets.

निम्नलिखित कथनों को सही और गलत में वर्गीकृत कीजिए :

(क) सभी प्रकार के बाजारों में वस्तु समरूप होती है।

(ख) सभी प्रकार के बाजारों में फर्म के माँग वक्र की ढलान ऋणात्मक होती है।

**34.** Fill in the blanks with appropriate word(s)/number : 2

*(a)* If 50% of additional income is spent on consumption, MPC equals _____.

( 1, 0·5 )

*(b)* If both income and savings increase by 100%, then APC _____.

( remains constant, changes )



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द (शब्दों)/संख्या से भरिए :

(क) यदि अतिरिक्त आय का 50% उपभोग पर व्यय किया जाता है, तो एम० पी० सी० _____ के बराबर होगी।

( 1, 0·5 )

(ख) यदि आय और बचत दोनों में 100% की वृद्धि हो, तो ए० पी० सी० _____ रहेगी/होगी।

( स्थिर, परिवर्तित )

**35.** Classify the following statements into True or False : 2

*(a)* When $Y$ is zero, $C$ is also zero.

*(b)* Savings can never be negative.

निम्नलिखित कथनों को सही और गलत में वर्गीकृत कीजिए :

(क) जब $Y$ (आय) शून्य होती है, तो $C$ (उपभोग व्यय) भी शून्य होता है।

(ख) बचत कभी ऋणात्मक नहीं हो सकती।

## SECTION—B

## खण्ड—ख

**36.** Why does an economic problem arise in an economy? Explain. 2

अर्थव्यवस्था में आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है? समझाइए।

*Or / अथवा*

What happens to the production possibility curve when there is growth of resources in an economy? Explain.

एक अर्थव्यवस्था में साधनों की संवृद्धि का उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ता है? समझाइए।

**37.** Explain any *two* properties of production possibility curve. 2

उत्पादन संभावना वक्र की किन्हीं **दो** विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the problem of 'what to produce'.

'क्या उत्पादन करें' की समस्या समझाइए।

**38.** Under perfect competition, who determines the price of the product and what is the shape of the demand curve? 2

पूर्ण प्रतियोगिता में वस्तु की कीमत कौन निर्धारित करता है और माँग वक्र की शक्ल क्या होती है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**39.** When does a situation of excess supply of a commodity arise in the market? What is its effect on price of a commodity? 2

बाजार में एक वस्तु की पूर्ति आधिक्य की स्थिति कब उत्पन्न होती है? इसका वस्तु की कीमत पर क्या प्रभाव होता है?

*Or / अथवा*

How an equilibrium price of a commodity determined under perfect competition?

समझाइए कि पूर्ण प्रतियोगिता में एक वस्तु की साम्य कीमत कैसे निर्धारित होती है।

**40.** State any *two* factors that influence the elasticity of supply of a commodity. 2

एक वस्तु की पूर्ति की लोच को प्रभावित करने वाले कोई **दो** कारक बताइए।

*Or / अथवा*

State any *two* causes of a rightward shift of supply curve of a commodity.

ऐसे **दो** कारण बताइए, जिनसे एक वस्तु का पूर्ति वक्र दाईं ओर खिसकता है।

**41.** There are two Sections A and B of Class X in a school. In Section A has 20 students and their average age is 15 years. Section B also has 20 students and their average age is 17 years. These two Sections are merged into one. What is the average age of students in the combined Section? 2

एक पाठशाला में कक्षा X के दो सेक्शन A और B हैं। सेक्शन A में 20 विद्यार्थी हैं और उनकी औसत आयु 15 वर्ष है। सेक्शन B में भी 20 विद्यार्थी हैं और उनकी औसत आयु 17 वर्ष है। इन दोनों को मिलाकर एक सेक्शन बना दिया गया। नए सेक्शन में विद्यार्थियों की औसत आयु की गणना कीजिए।

**42.** Find the mode of 12, 15, 18, 17, 18, 19, 18, 9. 2

12, 15, 18, 17, 18, 19, 18, 9 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**43.** State the relationship between total expenditure and price elasticity of demand. 4

कुल व्यय और माँग की कीमत लोच के बीच सम्बन्ध बताइए।

*Or / अथवा*

State the law of demand and *three* reasons for its operation.

माँग का नियम बताइए और इसकी क्रियाशीलता के कोई **तीन** कारण बताइए।

Unnati Educations



9899436384, 9654279279

**44.** What was Barter system of exchange? State any *three* demerits of the system. 4

वस्तु-विनिमय प्रणाली क्या थी? इस प्रणाली की कोई **तीन** कठिनाइयाँ बताइए।

*Or / अथवा*

State the difference between quantitative and qualitative methods of credit control. State any *two* instruments of each of these methods.

साख नियंत्रण की परिमाणात्मक और गुणात्मक विधियों में अन्तर बताइए। इन विधियों के अन्तर्गत प्रयोग किए जाने वाले **दो-दो** तरीके बताइए।

**45.** Explain any *four* factors that determine supply of a commodity. 4

एक वस्तु की पूर्ति को निर्धारित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों की व्याख्या कीजिए।

*Or / अथवा*

A supply curve of a commodity passes through the origin. Prepare a supply schedule of such a commodity.

एक वस्तु का पूर्ति वक्र उद्गम-बिन्दु से गुजरता है। ऐसी वस्तु की एक पूर्ति सूची बनाइए।

**46.** What is fiscal policy? Explain any *two* fiscal measures. 4

राजकोषीय नीति क्या होती है? किन्हीं **दो** राजकोषीय उपायों की व्याख्या कीजिए।

**47.** In an economy, minimum consumption expenditure ₹ 500 crores and MPS = 0·2. If the income in this economy is ₹ 5,000 crores, what will be the consumption expenditure? 4

एक अर्थव्यवस्था में, न्यूनतम उपभोग व्यय ₹ 500 करोड़ और सीमान्त बचत-प्रवृत्ति 0·2 है। यदि इस अर्थव्यवस्था में आय ₹ 5,000 करोड़ हो, तो उपभोग व्यय क्या होगा?

**48.** From the following data, calculate Paasche's index number : 4

निम्नलिखित आँकड़ों से पाश्चे के सूचकांक की गणना कीजिए :

$$\Sigma p_1 q_0 = 200, \quad \Sigma p_0 q_0 = 80, \quad \Sigma p_1 q_1 = 192, \quad \Sigma p_0 q_1 = 60$$



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**49.** Calculate National Income from the following data : 6

| | ₹ (in '00 crore) |
|---|---|
| *(i)* Compensation of employees | 2,000 |
| *(ii)* Profits | 400 |
| *(iii)* Rent | 75 |
| *(iv)* Interest | 90 |
| *(v)* Dividends | 50 |
| *(vi)* Mixed income of self-employed | 3,000 |
| *(vii)* Net factor income from abroad | – 80 |
| *(viii)* Net indirect taxes | 60 |

निम्नलिखित आँकड़ों से राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए :

| | ₹ ('00 करोड़ में) |
|---|---|
| *(i)* कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 2,000 |
| *(ii)* लाभ | 400 |
| *(iii)* किराया | 75 |
| *(iv)* ब्याज | 90 |
| *(v)* लाभांश | 50 |
| *(vi)* स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 3,000 |
| *(vii)* विदेशों से शुद्ध साधन आय | – 80 |
| *(viii)* शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 60 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

From the following data, calculate Personal Disposable Income :

| | | ₹ (in crore) |
|---|---|---|
| *(i)* | Private income | 3,000 |
| *(ii)* | Net factor income from abroad | – 100 |
| *(iii)* | Corporation tax | 70 |
| *(iv)* | Savings of private corporate sector | 50 |
| *(v)* | Direct taxes paid by household | 60 |
| *(vi)* | Other miscellaneous receipts of the Government Administrative Departments | 10 |

निम्नलिखित आँकड़ों से व्यक्तिगत प्रयोज्य आय की गणना कीजिए :

| | | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|
| *(i)* | निजी आय | 3,000 |
| *(ii)* | विदेशों से निवल साधन आय | – 100 |
| *(iii)* | निगम कर | 70 |
| *(iv)* | निजी निगम क्षेत्र की बचत | 50 |
| *(v)* | गृहस्थों द्वारा दिए गए प्रत्यक्ष कर | 60 |
| *(vi)* | सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा अन्य विविध प्राप्तियाँ | 10 |

**50.** Calculate Arithmetic Mean from the following data : 6

निम्नलिखित आँकड़ों से अंकगणितीय माध्य का परिकलन कीजिए :

| *Marks* / *अंक* | *Number of Students* / *विद्यार्थियों की संख्या* |
|---|---|
| 0–20 | 30 |
| 20–40 | 36 |
| 40–60 | 45 |
| 60–80 | 27 |
| 80–100 | 12 |

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279